Hanuman Aarti

श्रीहनुमान्‌जीकी आरती

NityaPaath
nityapaath.com/hanuman-aarti/

REFRAIN · टेक

टेa आरती कीजै हनुमान लला की। दुष्टदलन रघुनाथ कला की॥

Arati kijai Hanuman lala ki. dushtadalan Raghunath kala ki.

VERSES · आरती

1 जाके बल से गिरिवर काँपै। रोग-दोष जाके निकट न झाँपै॥ १॥

Jake bal se girivar kampai. rog-dosh jake nikat na jhampai.

2 अंजनि पुत्र महा बलदाई। संतन के प्रभु सदा सहाई॥ २॥

Anjani putra maha baladai. santan ke prabhu sada sahai.

3 दे बीरा रघुनाथ पठाये। लंका जारि सीय सुधि लाये॥ ३॥

De bira Raghunath pathaye. Lanka jari siy sudhi laye.

4 लंका सो कोट समुद्र सी खाई। जात पवनसुत बार न लाई॥ ४॥

Lanka so kot samudra si khai. jat pavansut bar na lai.

5 लंका जारि असुर संहारे। सियारामजीके काज सँवारे॥ ५॥

Lanka jari asur sanhare. siyaramajike kaj sanvare.

6 लक्ष्मण मूर्छित पड़े सकारे। आनि सजीवन प्रान उबारे॥ ६॥

Lakshman murchhit pare sakare. ani sajivan pran ubare.

7 पैठि पताल तोरि जम-कारे। अहिरावन की भुजा उखारे॥ ७॥

Paithi patal tori Jam-kare. ahiravan ki bhuja ukhare.

8 बायें भुजा असुर दल मारे। दहिने भुजा संतजन तारे॥ ८॥

Bayen bhuja asur dal mare. dahine bhuja santajan tare.

9 सुर नर मुनि आरती उतारे। जै जै जै हनुमान उचारे॥ ९॥

Sur nar muni arati utare. jai jai jai Hanuman uchare.

10 कंचन थार कपूर लौ छाई। आरति करत अंजना माई॥ १०॥

Kanchan thar kapur lau chhai. arati karat anjana mai.

11 जो हनुमान (जी) की आरति गावै। बसि बैकुंठ परमपद पावै॥ ११॥

Jo Hanuman (ji) ki arati gavai. basi baikunth paramapad pavai.

Text checked against: Gita Press, Gorakhpur: Shri Hanuman Chalisa (code 227). Meanings, audio and all scripts at nityapaath.com/hanuman-aarti/